**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 784**
**दिनांक 04 दिसंबर 2025**

## बायोडीजल के उपयोग को प्रोत्साहन देना

784. **श्री कौशलेन्द्र कुमारः**

**श्री रामप्रीत मंडलः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बायोडीजल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) बायोडीजल नीति से देश में किसानों को क्या लाभ मिल रहे हैं;

(ग) वर्तमान में किन-किन राज्यों में बायोडीजल का उत्पादन किया जा रहा है; और

(घ) देश में बायोडीजल उद्योग के वार्षिक राजस्व का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): देश में राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति बायोडीज़ल समेत भिन्न-भिन्न जैव-ईंधनों के उत्पादन और अपनाए जाने को बढ़ावा देती है। सरकार ने बायोडीज़ल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति के तहत, डीज़ल में बायोडीज़ल मिलाने/बायोडीज़ल की सीधी बिक्री का सांकेतिक लक्ष्य तय करना, "परिवहन के उद्देश्य से हाई स्पीड डीज़ल के साथ बायोडीज़ल मिलाने के लिए बिक्री के दिशानिर्देश-2019" को अधिसूचित करना, मिश्रण कार्यक्रम के लिए बायोडीज़ल की अधिप्राप्ति पर जीएसटी दर को 12% से घटाकर 5% करना आदि शामिल हैं।

बायोडीज़ल मिश्रण कार्यक्रम के माध्यम से, राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति किसानों को कम इस्तेमाल होने वाले या बंजर ज़मीन पर रोपणों से करंजा, नीम, महुआ और पोंगामिया जैसे वृक्ष जनित तेल (टीबीओज) जैसे स्वदेशी फ़ीडस्टॉक की आपूर्ति बढ़ाने के अवसर देती है, इनमें न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होती है और ये सूखा-प्रवण क्षेत्रों में भी उगाए जा सकते हैं। यह नीति रोपण, बीज इकट्ठा करने और तेल निष्कर्षण के कार्यों को बढ़ावा देकर रोज़गार और ग्रामीण आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देती है।

कुल मिलाकर, बायोडीज़ल पारिस्थितिकी-तंत्र कचरे और कम कीमत वाले खेती के उत्पादों में मूल्य संवर्द्धन करता है, किसानों के विविधीकरण में मदद करता है, ग्रामीण आजीविका को बेहतर बनाता है, और एक फसल से प्राप्त होने वाली आय के स्रोतों पर निर्भरता कम करता है।

(ग) और (घ): वित्त वर्ष (एफवाई) 2024-25 के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा बायोडीज़ल मिश्रण कार्यक्रम के तहत बायो-डीज़ल की खरीद के सकल मूल्य के राज्य-वार ब्यौरे निम्नवत हैं:

| **राज्य** | **बायो डीज़ल खरीद का कुल मूल्य (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 282.74 |
| बिहार | 59.85 |
| दिल्ली | 31.23 |
| गुजरात | 212.81 |
| हरियाणा | 139.35 |
| झारखंड | 83.91 |
| कर्नाटक | 318.85 |
| केरल | 208.92 |
| मध्य प्रदेश | 55.93 |
| महाराष्ट्र | 84.46 |
| ओडिशा | 289.13 |
| राजस्थान | 210.70 |
| तमिलनाडु | 168.25 |
| तेलंगाना | 472.76 |
| उत्तर प्रदेश | 217.23 |
| उत्तराखंड | 1.53 |
| पश्चिम बंगाल | 399.41 |
| कुल | **3237.05** |

(स्त्रोत: पीएसयूज़ ओएमसीज़)

*****